GANGA®
Acrowools
KNITTING YARN

BABY PEARL

नाप	लम्बाई– 19 इंच, चौड़ाई– 12 इंच
सामग्री	गंगा की बेबी पर्ल ऊन
शेड न0	9,60
क्रोशिया न0	9(3.50) - 2(Fine) व सिलने वाली सुई
कुल ऊन	250 ग्राम

फ्रॉक बनाने की विधी– 98 की चेन बनाकर संतरी रंग की ऊन से पहली पंक्ति को गोल राऊँड में पूरा करें। दूसरी पंक्ति में सफेद ऊन से 1 ट्रे. बनाने के लिए 1 चेन में 4 बार धागा निकालकर 1 ट्रें बना लें। तीसरी पंक्ति में ट्रे. बनाते हुए गोल राऊँड में ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। 5 पंक्तियां इसी प्रकार बनाकर फिर से सफेद ऊन से 4 बार धागे वाली पंक्ति बुनकर पंक्ति को पूरा करें। इस डिज़ाइन को बुनते हुए ट्रे. को बढ़ाते हुए 6 इंच बनाकर डिज़ाइन को बदलकर डिज़ाइन शुरू करें। 1 चेन में 4 ट्रे., 2 चेन, 4 ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। 4 ट्रे., 6 चेन, 4 ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। 4 ट्रे., 6 चेन, 1 छोटा टांका, 6 चेन, 4 ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। इस प्रकार 1 डिज़ाइन पूरा करके इसी प्रकार डिज़ाइन को बनाते हुए 5 पंक्तियां बनाकर अब आप फ्रॉक के आगे वाले भाग के 5 डिज़ाइन बंद करके पंक्ति को पूरा करें। अब साइडों से ट्रे. को घटाते हुए अगले भाग का साइज छोटा और पिछला भाग का साइज बडा रखकर फ्रॉक के बीडिंग करके फ्रॉक को तैयार करके फ्रॉक पर डोरी लगाकर फ्रॉक को तैयार कर लें।

ग्लव्स बनाने की विधी– 40 की चेन बनाकर संतरी रंग की ऊन से गोल राऊँड में 2 पंक्ति बना लें। तीसरी पंक्ति में सफेद ऊन से 1 चेन में 1 ट्रे. से प्लेन बुनते हुए पंक्ति को पूरा करें। अगली पंक्ति में संतरी ऊन से ट्रे. की प्लेन पंक्ति को पूरा कर लें। इस प्रकार 7 लाइन बनाकर डिज़ाइन शुरू करें। 2–2 ट्रे. से डिज़ाइन बुनते हुए 6 पंक्तियां बनाकर 6 डिज़ाइन 2–2 ट्रे. वाला बंद करके बाकी का डिज़ाइन बुनते हुए 5 लाइन बुनकर ट्रे. बंद कर लें। 1 ग्लव्स तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड का भी ग्लव्स तैयार करके फ्लावर लगाकर दोनों ग्लव्स तैयार कर लें।